एक नजर में

28 नवंबर को गोला पहुंचेंगी केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल

गोला गोकर्णनाथ खीरी। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल का 28 नवंबर को जनपद लखीमपुर खीरी का दौरा प्रस्तावित है। उनके दौरे का आधिकारिक प्रोटोकॉल जारी हो गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 12ः15 बजे केशवापुर चौराहे पर उनका स्वागत एवं सम्मान किया जाएगा। इसके बाद वह 12ः30 बजे पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पहुंचेंगी। दोपहर 12ः55 बजे छोटा चौराहा स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगी।इसके बाद दोपहर 1 बजे नए बाईपास रोड स्थित साईं मैरिज लॉन में आयोजित जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। कार्यक्रम के बाद वह लखनऊ के लिए रवाना होंगी। वहीं, पीडब्ल्यू डी गेस्ट हाउस में अपना दल (एस) का सदस्यता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इसमें प्रदेश अध्यक्ष व्यापार मंच पुष्कर चौधरी ने रियाज अली, विक्रम सिंह वर्मा, मो. वासिन अली, लालू शाह, अनुज वर्मा, राहुल वर्मा और आदर्श कुमार को पार्टी की सदस्यता दिलाई।इस मौके पर जिला महासचिव पटेल कपिल वर्मा एवं विधानसभा गोला अध्यक्ष विकास वर्मा मौजूद रहे।

राजेश्वर सिंह की पुत्री की शादी में पहुंचे यूपी के मुख्यमंत्री



लखीमपुर खीरी। झंडी स्टेट के राजा राज राजेश्वर सिंह की पुत्री के वैवाहिक समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ स्थित एमबी क्लब पहुंचे। उन्होंने नवविवाहित वर-वधु को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके सुखद एवं मंगलमय वैवाहिक जीवन की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने झंडी राजपरिवार के विभिन्न राज्यों से पधारे विशिष्ठ अतिथियों से आत्मीय मुलाकात की और झंडी स्टेट के राजा राज राजेश्वर सिंह व राजवंश को बधाई दी। इस वैवाहिक आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों के प्रतिष्ठित राजघरानों की। राजस्थान से महारानी झालावाड़, कुँवर ऋषिराज डूंगरपुर, महाराष्ट्र के डोंढैचा से मंत्री राजा जय कुमार रावल, उड़ीसा के पुरी से कुँवररानी, रानी साहिबा ढेंकानाल, राजा बामड़ा, छत्तीसगढ़ से पूर्व सांसद राजा रणविजय जूदेव (जशपुर), झारखंड से राजा राजेंद्र प्रताप (नगर उंटारी) एवं राजा पालकोट सहित मध्य प्रदेश से राव रानी साहिबा दतिया, कुँवर साहब सुहावल और कुँवर साहब कोठी समारोह में शामिल हुए। वैवाहिक समारोह में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह, मंत्री दयाशंकर सिंह, विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह, राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह, सांसद जगदंबिका पाल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रमापति राम त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार उदय माहुरकर, विधायक पंकज सिंह, विधायक ओपी श्रीवास्तव और एमएलसी अनूप गुप्ता सहित भाजपा एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी और अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

भंडारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



धौरहरा खीरी। ईसानगर क्षेत्र के प्रसिद्ध ठुठवा मेले में सरयू घाट पर आयोजित तीन दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का समापन बृहस्पतिवार को पूर्णाहुति और भंडारे के साथ हुआ। कथा के अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्य यजमान भाजपा नेता एवं एनएमओ जिलाध्यक्ष डॉ. रमारमण मिश्रा ने कहा कि ठुठवा मेले का धौरहरा क्षेत्र में विशेष धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व है। उन्होंने सरकार से सरयू घाटों का पक्का निर्माण कराने और ठुठवा क्षेत्र को तीर्थस्थल घोषित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अवसर मिलने पर वह इस क्षेत्र को धार्मिक पहचान दिलाने के साथ पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कराने के लिए भी प्रयास करेंगे। कथा व्यास नैमिषारण्य तीर्थ के महंत पं. सुरेश अवस्थी ने जनकल्याण की कामना के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूर्णाहुति डाली। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर डाक्टर रमारमण मिश्रा, दिनेश मिश्रा, डाक्टर मुकेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

अनुदान पर कृषि यंत्रो लेने के लिए किसान करें आवेदन

लखीमपुर खीरी। अनुदान पर कृषि यंत्रो का लेने का सुनहरा अवसर आ गया है। अनुदान पर कृषि यन्त्रों की ऑनलाइन बुकिंग 26 नवम्बर से 05 दिसम्बर तक की जाएगी।किसानों को कृषि विभाग द्वारा संचालित नेशनल मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजनांतर्गत फार्म मशीनरी बैंक, कस्टम हायरिंग सेंटर, कृषि ड्रोन अन्य एकल कृषि यंत्र तथा प्रमोशन आफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेन्ट ऑफ क्रॉप रेजिड्यू योजनांतर्गत फसल अवशेष प्रबंधन के एकल कृषि यंत्र, कस्टम हायरिंग सेंटर एवं अन्य योजनाओं के कृषि यन्त्र / कृषि रक्षा उपकरणों पर अनुदान हेतु आवेदन के लिए बुकिंग दिनांक 26.11.2026 को 11ः00 बजे से दिनांक 05.12.2026 रात्रि 12ः00 बजे तक की जायेगी। इस संदर्भ में उप निदेशक कृषि गिरीश चंद्र ने बताया कि आवेदन के लिये कृषक पंजीकरण में दर्ज मोबाइल नंम्बर से टोकन प्राप्त किया जा सकेगा। शासन द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशानुसार रू0 10001 से रू0 01 लाख तक अनुदान वाले कृषि यंत्रों के लिये रू0 2500/- तथा 01 लाख से अधिक अनुदान वाले कृषि यंत्रों के लिये रू0 5000/- जमानत धनराशि निर्धारित की गयी है। कृषक से अपील है कि इस बार विकास खण्ड स्तर पर बुकिंग न होकर, जनपद स्तर पर सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजनांतर्गत लक्ष्य 62 तथा प्रमोशन आफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेन्ट ऑफ क्रॉप रेजिड्यू योजनांतर्गत लक्ष्य 94 के अनुसार बुकिंग की जायेगी।

ताइक्वांडो में आशी ने जीता स्वर्ण पदक



उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के एबी नगर निवासी ओम प्रकाश की पौत्री आशी पटेल ने अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। पुणे में आयोजित प्रथम इंडिया इंटरनेशनल ओपन ताइक्वांडो चौंपियनशिप-2026 में आशी ने महिला कैडेट अंडर-55 किलोग्राम भारवर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया।आशी पटेल ओमप्रकाश वर्मा की नातिन और अमित कुमार की पुत्री हैं। वह वर्तमान में गाजियाबाद में रहकर पढ़ाई के साथ ताइक्वांडो का प्रशिक्षण ले रही हैं। 20 से 26 नवंबर तक महाराष्ट्र के पुणे स्थित श्री शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, बालेवाड़ी में आयोजित इस प्रतियोगिता में 17 देशों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इंडिया ताइक्वांडो की ओर से आयोजित विश्व ताइक्वांडो जी-1 रैंकिंग प्रतियोगिता में आशी ने अपनी तकनीक, अनुशासन और आत्मविश्वास के दम पर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इससे पहले भी वह राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में कई पदक जीत चुकी हैं। आशी की उपलब्धि पर परिजनों और क्षेत्रीय लोगों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पात्रों को योजनाओं से वंचित न रखें अधिकारी- रजनी तिवारी



उन्नाव। जनपद की प्रभारी मंत्री एवं राज्य मंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे। गुरुवार को विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी घनश्याम मीना की उपस्थिति में आयोजित विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।बैठक से पूर्व प्रभारी मंत्री ने संविधान दिवस पर बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए बारिश से क्षतिग्रस्त मकानों वाले पात्र परिवारों को प्राथमिकता पर आवास देने के निर्देश दिए। सड़कों के मरम्मतीकरण, नवीनीकरण और चौड़ीकरण के कार्य प्राथमिकता से कराने तथा जनप्रतिनिधियों के छूटे प्रस्ताव दोबारा भेजने को कहा। खाद वितरण की समीक्षा में सभी सहकारी समितियों पर पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने और सचिवों को समितियों में बैठकर वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंत्री ने लंबित परियोजनाओं के लिए बजट मांगने, बिना पूर्व सूचना बिजली कनेक्शन न काटने, पात्रों के राशन कार्ड बनाने, जल जीवन मिशन के तहत खोदी गई सड़कों की मरम्मत और साइबर ठगी पर अंकुश लगाने को कहा। बैठक में एसएसपी जयप्रकाश सिंह, सीडीओ कृतिराज, एडीएम राजेश कुमार मिश्रा, सीएमओ डॉ.अजय शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी सहित अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

गंगा में डूबे किसान का तीसरे दिन मिला शव, परिवार में कोहराम

बीघापुर, उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र के डौंडियाखेड़ा घाट पर कार्तिक पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान के दौरान डूबे 46 वर्षीय राजीव त्रिपाठी उर्फ गुड्डू पंडित का शव गुरुवार शाम बरामद हुआ। एसडीआर एफ की टीम को घटनास्थल से करीब 800 मीटर आगे शव मिला। शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बीघापुर क्षेत्र के किसुनी खेड़ा अलीपुर निवासी राजीव त्रिपाठी मंगलवार तड़के करीब दो बजे गंगा स्नान के दौरान पैर फिसलने से नदी में डूब गए थे। तभी से एसडीआरएफ की टीम उनकी तलाश में जुटी थी। गुरुवार शाम करीब पांच बजे टीम को सफलता मिली।

राजीव गांव में रहकर खेतीबाड़ी करते थे। उनके परिवार में 80 वर्षीय मां रामकुमारी, पत्नी अर्चना, बेटियां अनुष्का और पीहू तथा पुत्र राघव हैं। मौत से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने एसडीआरएफ ने शव बरामद कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

पंखे की मोटर खोलकर बच्चों ने सीखी इंजीनियरिंग

उन्नाव। किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव देने के उद्देश्य से उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा, औरास की लर्निंग बाय डूइंग प्रयोगशाला में विद्यार्थियों ने बिजली के पंखे को खोलने और दोबारा जोड़ने का प्रयोग किया। पाठ्यपुस्तक की ''तोड़-फोड़ और जोड़'' परियोजना के तहत बच्चों ने उपकरण के विभिन्न पुर्जों और उनकी कार्यप्रणाली को समझा।

बीएलओ के घर-घर न पहुंचने पर कोटेदारों ने जताई नाराजगी

पाटन, उन्नाव। बीघापुर तहसील क्षेत्र में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में लगे बीएलओ की कार्य शैली को लेकर गुरुवार को कोटेदारों ने नाराजगी जताई। कोटेदारों ने उपजिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार सिंह से मुलाकात कर शिकायत दर्ज कराई।क्षेत्र में तैनात बीएलओ निर्धारित जिम्मेदारी के अनुसार घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन नहीं कर रहे हैं। एस आईआर अभियान प्रभावित हो रहा है परेशानी उठानी पड़ रही है। अभियान के तहत बीएलओ को घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करना आवश्यक अभिलेखों के आधार पर जानकारी जुटानी है, कई स्थानों पर उनके नहीं पहुंचने से लोगों को अभियान की जानकारी तक नहीं मिल पा रही है। निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा होने पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। कोटेदारों ने प्रशासन से मामले की जांच कराकर बीएलओ से जिम्मेदारी पूर्वक कार्य कराने अभियान की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने की मांग की, कोई भी पात्र मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे।

ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

उन्नाव। गोरखधाम एक्सप्रेस से दिल्ली जा रहे युवक की उन्नाव जंक्शन के आउटर के पास ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। वह ट्रेन के पहियों की चपेट में आ गया। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को सूचना दी।अयोध्या जिले के गोसाईगंज थाना क्षेत्र के मैनपुर गांव निवासी नीरज गौड़ (33) पुत्र स्व. श्यामलाल दिल्ली में मजदूरी करता था। सात नवंबर को बड़े भाई सुनील की मौत होने पर वह घर आया था। क्रियाकर्म समेत अन्य कार्य निपटाने के बाद बुधवार को गोरखधाम एक्सप्रेस से दिल्ली लौट रहा था। इसी दौरान उन्नाव जंक्शन के आउटर के पास वह ट्रेन से गिर गया और पहियों की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। आरपीएफऔर जीआरपी ने शव को ट्रैक से हटवाकर रेल यातायात सुचारु कराया। तलाशी में मिले मोबाइल से परिजनों को सूचना दी गई। खबर मिलते ही पत्नी रंजना और मां दयावती का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। 27 नीरज के दो बेटे दिव्यांश और रेहान हैं। जीआरपी एसओ सुनील मिश्रा ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

विद्यालय के ताले तोड़कर हजारों का सामान चोरी

शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट थाना क्षेत्र के सरैयां उच्च प्राथमिक विद्यालय में चोरों ने मुख्य गेट, कार्यालय और कमरों के ताले तोड़कर हजारों रुपये का सामान पार कर दिया। शिक्षिका अनुराधा विश्नोई ने गुरुवार को थाना प्रभारी को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने और कार्रवाई की मांग की है।तहरीर के अनुसार, रास्ते में बाढ़ का पानी भरने के कारण 31 अगस्त 2026 से विद्यालय बंद था और कक्षाएं प्राथमिक विद्यालय सरैयां में संचालित हो रही थीं। गुरुवार को विद्यालय पहुंचने पर चोरी की जानकारी हुई। कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। चोर

किशोरी का फंदे पर लटका मिला शव

उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र के भवानीखेड़ा गांव में बुधवार रात एक किशोरी का शव घर के अंदर दुपट्टे के फंदे से लटका मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।गांव निवासी विनोद की बेटी जानवी अक्सर बीमार रहती थी। थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह के अनुसार, परिजनों ने बताया कि बुधवार रात करीब नौ बजे किशोरी ने कमरे के छज्जे में लगे कुंडे से दुपट्टे का फंदा लगा लिया।

फ्रीडम एकेडमी के पहले सत्र का समापन, 66 विद्यार्थी सम्मानित

पुरवा, उन्नाव। युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित फ्रीडम एम्प्लॉयबिलिटी एकेडमी के पहले सत्र का गुरुवार को समापन हुआ। एएएम फाउंडेशन के तत्वावधान में संचालित इस निःशुल्क एकेडमी की शुरुआत 9 जनवरी 2026 को हुई थी। प्रशिक्षण पूरा करने वाले 66 छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया।प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को अंग्रेजी बोलने, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल्स के उपयोग और व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण दिया गया। युवाओं की झिझक दूर कर उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने पर भी विशेष जोर दिया गया। शुरुआत में 75 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया था, जिनमें से 66 ने प्रशिक्षण पूरा किया। संस्था के संस्थापक दीपक चोपड़ा के मार्गदर्शन में एरिया मैनेजर अदनान अहमद और क्षेत्रीय प्रबंधक अमित शुक्ला की निगरानी में शिक्षक दिव्य गुप्ता शाखा का संचालन कर रहे हैं। क्षेत्रीय प्रबंधक अमित शुक्ला ने बताया कि प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को जॉबसीकर्स वेबसाइट के माध्यम से देशभर में रोजगार दिलाने का प्रयास किया जाएगा। एकेडमी के दूसरे सत्र की शुरुआत पांच दिसंबर से होगी, जिसमें 18 वर्ष से अधिक आयु के 66 युवाओं को निःशुल्क प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षु अल्शिफा जल्द ही इसी एकेडमी में शिक्षिका के रूप में सेवाएं देंगी। कार्यक्रम में ईशा, मानसी, स्वाती, कायनात, अलीशा और प्रिया साहू सहित अन्य विद्यार्थी मौजूद रहे।

गलत नाली निर्माण की शिकायत पर जांच

शुक्लागंज, उन्नाव। सर्वोदय नगर में जलनिकासी की समस्या और गलत तरीके से नाली निर्माण की शिकायत पर गुरुवार को उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा आयोग की ओर से गठित चार सदस्यीय टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। टीम ने स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की, जिसे जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा।सर्वोदय नगर निवासी राजेंद्र सविता ने आयोग में शिकायत की थी कि उनके पड़ोसी सिद्ध किशोर शर्मा ने नाली का निर्माण गलत तरीके से कराया है। इससे पानी की निकासी बाधित है और उनके घर के सामने जलभराव रहता है। शिकायत पर आयोग ने जांच के आदेश दिए थे।

संविधान की रक्षा के लिए एकजुट होने का संकल्प



उन्नाव। संविधान दिवस पर गुरुवार को समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय, सिविल लाइंस में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिलाध्यक्ष जय चन्द्र विमल और पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने डॉ. भीमराव आंबेडकर सहित संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सदस्यों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया। जिलाध्यक्ष जय चन्द्र विमल ने कहा कि भारतीय संविधान लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। यह प्रत्येक नागरिक को समानता, न्याय और स्वतंत्रता का अधिकार देता है। संविधान की रक्षा करना और उसके मूल सिद्धांतों को आत्मसात करना हर नागरिक का दायित्व है। समाजवादी पार्टी संविधान और सामाजिक न्याय के मूल्यों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने कहा कि संविधान प्रत्येक नागरिक को समानता, सम्मान और न्याय का अधिकार प्रदान करता है। इसकी मूल भावना को बनाए रखने के लिए समाज में भाईचारा और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करना जरूरी है। कार्यक्रम में राजेश यादव (साधु), वीरेंद्र शुक्ला, मनोज यादव, प्रशांत कटियार, मंजीत यादव, शिव शंकर यादव, राजेश मिश्रा, राजकुमार लोधी, देवीदीन लोधी, राहुल गौतम, कलीम उल्ला सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

खीरी में 80 अंबेडकर स्थलों का एक साथ शिलान्यास



लखीमपुर खीरी। संविधान दिवस पर खीरी जिले में डॉ. बीआर आंबेडकर मूर्ति विकास योजना के अंतर्गत जिले के 80 आंबेडकर स्थलों के सौंदर्यीकरण कार्यों का एक साथ शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिलेभर में आयोजित कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री के संबोधन और शुभारंभ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया, जिसे जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीणों ने देखा एवं सुना। योजना के तहत जिले की सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों की 10-10 ग्राम पंचायतों को शामिल करते हुए कुल 80 आंबेडकर स्थलों का चयन किया गया है। इन स्थलों पर सौंदर्यीकरण और आधारभूत सुविधाओं का विकास कराया जाएगा। इसके तहत स्टील ग्रिल बाउंड्रीवाल, शेड, टाइलीकरण, इंटरलॉकिंग, आरसीसी बेंच और सोलर हाईमास्ट लाइटें स्थापित की जाएंगी। इससे आंबेडकर स्थलों को व्यवस्थित, आकर्षक और सुविधायुक्त स्वरूप मिलेगा। मितौली-कस्ता में विधायक और डीएम ने किया शिलान्यास तहसील मितौली एवं विधानसभा कस्ता क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में विधायक सौरभ सिंह सोनू और डीएम अंजनी कुमार सिंह शामिल हुए। दोनों ने विभिन्न विकास कार्यों के शिलापटों का अनावरण कर शिलान्यास किया। इस दौरान ग्रामीणों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग भी देखी और सुनी गई। इस सन्दर्भ में सीडीओ योगानंद पाण्डेय ने बताया कि जिले की सभी 80 चयनित ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने डॉ. बीआर आंबेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग देखी और सुनी गई। सभी स्थलों पर प्रस्तावित सौंदर्यीकरण कार्यों के शुभारंभ के साथ संविधान दिवस पर सामाजिक समरसता और समानता का संदेश भी दिया गया।

एक नजर में

जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज का भव्य स्वागत

उन्नाव। गुरुवार को जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज, तुलसी पीठ चित्रकूट के उत्तराधिकारी एवं सुप्रसिद्ध श्रीराम कथा वाचक पूज्य संत रामचंद्र दास महाराज के उन्नाव आगमन पर भव्य स्वागत किया गया।नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक विमल द्विवेदी एवं प्रतिष्ठित व्यवसायी कल्लू पांडेय के नेतृत्व में सैकड़ों पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आजाद मार्ग चौराहे तथा गदनखेड़ा चौराहे पर पुष्पमालाओं से महाराज श्री का अभिनंदन किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के जयघोष से वातावरण भक्तिमय कर दिया। इस अवसर पर जिला प्रभारी अजय त्रिवेदी, आशुतोष सिंह चौहान, योगेंद्र तिवारी, वासू मिश्रा, धर्मेंद्र शुक्ला, अखिल मिश्रा, मनीष अवस्थी, अभि तिवारी, विष्णु गुप्ता, आदर्श पांडेय, अमूल्य बाजपेई, सतीश त्रिपाठी, अंकुर त्रिपाठी, श्याम बहादुर प्रजापति, अमित शुक्ला और अभिषेक तिवारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार मिस्त्री की मौत

असोहा, उन्नाव। लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे पर बुधवार देर रात बछौरा गांव के पास तेज रफ्तार वैगनआर कार की टक्कर से बाइक सवार पिलंबर मिस्त्री की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मोबाइल से मृतक की पहचान कर परिजनों को जानकारी दी।अंबेडकरनगर जिले के जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के संदौऊ गांव निवासी रामकुमार चौहान (45) पुत्र ओमप्रकाश लखनऊ के अमौसी में किराये पर रहकर टाइल्स लगाने का काम करते थे। बुधवार रात वह बाइक से किसी काम से जा रहे थे। बछौरा गांव के पास पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। मृतक के छोटे भाई अजय कुमार ने बताया कि दोनों भाई अमौसी एयरपोर्ट के पास किराये पर रहते थे। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। रामकुमार की पत्नी नीरज देवी और तीन बेटों शिवम, सौरभ व गौरव का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष फूल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच कर वाहन चालक के खिलाफमुकदमा दर्ज किया गया है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के जंगलीखेड़ा गांव के सामने शारदा नहर पटरी पर बुधवार देर रात अज्ञात चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अचलगंज थाना क्षेत्र के गोडवा भिम्मा गांव निवासी शुभम पुत्र पप्पू पासवान बुधवार को नसीरपुर में निमंत्रण में गए थे। रात करीब 12 बजे वह बाइक से अकेले घर लौट रहे थे। जंगलीखेड़ा के पास पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। पीछे से लौट रहे निमंत्रण में शामिल लोगों ने उन्हें सड़क पर पड़ा देखा और 100 बेड अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शुभम गांव में रहकर खेतीबाड़ी करते थे और अविवाहित थे। उनके दो बड़े भाई जानू और सानू तथा छोटा भाई शिवम है। बेटे की मौत से मां मंजू का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाल अश्वनी कुमार मिश्रा ने बताया कि सूचना पर लालकुआं चौकी पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

महोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

बीघापुर, उन्नाव। विकासखंड क्षेत्र के रुझेई गांव में आयोजित पांच दिवसीय महोत्सव के दूसरे दिन भी लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बाबादीन मिश्र एंड पार्टी के कलाकारों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मनोरंजन किया। कलाकारों ने राधा-कृष्ण की झांकी, शिव तांडव और सुदामा चरित्र का मंचन किया। इसके साथ ही बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और नशा मुक्ति भारत, स्वस्थ भारत जैसे जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में ऊदल फौजी, सोनू सिंह, अमन पटेल, विकास पटेल, आकाश पटेल, चंद्रिका प्रसाद, विजय बहादुर, बाले गुप्ता, कुंवर पटेल और सलारे पटेल सहित अन्य लोग मौजूद रहे। उधर, घाटमपुर कला में चल रही हटिया के दूसरे दिन भी लोगों ने जमकर खरीदारी की। मेले में मटकी, लकड़ी के सामान, जलेबी और चाट की दुकानों पर भीड़ रही। आल्हा गायन प्रस्तुत कर रहे जयशंकर त्रिवेदी को आयोजक अमरेश दीक्षित ने सम्मानित किया।

एसएसपी ने पुलिसकर्मियों को दिलाई संविधान पालन की शपथ

उन्नाव। संविधान दिवस पर गुरुवार को रिजर्व पुलिस लाइन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया और संवैधानिक मूल्यों के पालन की शपथ दिलाई।एसएसपी ने कहा कि भारतीय संविधान देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था का आधार है। इसमें निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के आदर्श प्रत्येक नागरिक के लिए महत्वपूर्ण हैं। पुलिस विभाग की जिम्मेदारी केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना भी उसका प्रमुख दायित्व है। उन्होंने पुलिसकर्मियों से संविधान के प्रति निष्ठा और सम्मान बनाए रखते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, निष्पक्षता और निष्ठा से करने का आह्वान किया। साथ ही संवैधानिक मूल्यों को अपने कार्यव्यवहार में शामिल करने की अपील की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक उत्तरी आयुष श्रीवास्तव, सहायक पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी बीघापुर व लाइन प्रदीप कुमार, प्रतिसार निरीक्षक सचिन राय सहित अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

धान खरीद व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर सभागार में गुरुवार को उपजिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इसमें धान खरीद केंद्रों पर किसानों के पंजीकरण और खरीद व्यवस्था की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। एसडीएम ने धान बिक्री के लिए किसानों के पंजीकरण की स्थिति की जानकारी लेते हुए कहा कि सभी खरीद केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं दुरुस्त रखी जाएं, ताकि किसानों को धान बेचने में परेशानी न हो और खरीद प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत पात्र युवाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने, सिंगल स्टेज योजना के अंतर्गत खाद्यान्न का समय से उठान और राशन कार्ड में दर्ज सभी सदस्यों की ई-केवाईसी की प्रगति की भी समीक्षा की गई। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों और कोटेदारों को सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में पूरा करने तथा पात्रों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। इस दौरान तहसीलदार प्रियंका तिवारी, पूर्ति निरीक्षक जोगेंद्र सिंह, सुमेरपुर के मनोज राजवंशी सहित तहसील क्षेत्र के कोटेदार मौजूद रहे।

डॉ. राजीव दीक्षित को मिलेगा सुधा शुक्ला स्मृति सम्मान

पाटन, उन्नाव। वरिष्ठ साहित्यकार एवं आईपीएस अधिकारी डॉ. राजीव दीक्षित को प्रथम श्रीमती सुधा (सुशीला) शुक्ला स्मृति सम